मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-439
**24/12/2024**

# मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में चल रही विकास योजनाओं का लिया जायजा, जीविका दीदियों के साथ किया संवाद

पटना, 24 दिसम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दूसरे दिन पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में चल रहे विकासात्मक योजनाओं का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने सुगौली प्रखंड स्थित उतरी सुगांव पंचायत के वार्ड संख्या–8 में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भवन के ग्राम कचहरी न्यायालय, मुखिया कक्ष, पंचायत सचिव कक्ष, डाकघर का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं लोगों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काफी अच्छे ढंग से पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है। इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। हम चाहते हैं कि जून 2025 तक सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण हो जाए। यह मेरा ही कॉन्सेप्ट है कि केंद्र और राज्य सरकार की तर्ज पर पंचायत सरकार का भी अपना भवन हो। हमलोगों ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, इसके तहत अब तक 4 चुनाव संपन्न हो गये हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं जीतकर आई हैं।

नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के समीप स्थित जीविका भवन में होने वाली गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली। प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तथा उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के प्रति प्रसन्नता जाहिर की। संवाद कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने स्वयं सहायता समूह और राज्य सरकार की योजनाओं से मिल रही सहूलियत के संबंध में अपना अनुभव साझा किया। जीविका दीदियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के गठन से हम महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है, इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। सतत् जीविकोपार्जन योजना के साथ ही महिलाओं के उत्थान को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से परिवार में महिलाओं की इज्जत बढ़ी है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य सरकार द्वारा लड़कियों के लिए चलाई जा रही पोशाक योजना, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, प्रोत्साहन योजना के कारण उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। नशामुक्ति अभियान से महिलाओं के जीवन में शांति कायम हुआ है। समाज में प्रेम का वातावरण बना है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा और प्रताड़ना की घटनाएं अब न के बराबर हो गई है। इसके लिए बिहार के महिलाएं माननीय मुख्यमंत्री जी के आभारी हैं।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ही स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी दिया। उस समय की केंद्र सरकार ने इससे प्रभावित होकर आजीविका नाम रखा। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो देश के अलग–अलग

हिस्सों में जाने का मौका मिला। उस समय हमने देखा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश की महिलाएं काफी अच्छा काम कर रही हैं। उस समय बिहार में काफी कम स्वयं सहायता समूह थे। बिहार के लोगों ने जब 24 नवंबर 2005 से हमें काम करने का मौका दिया तो हमने बिहार के विकास का काम प्रारंभ किया। वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या अधिक से अधिक बढाने का प्रयास किया। अब बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। अब शहरी इलाकों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू किया गया है। इनसे अब तक 26 हजार जीविका दीदियां जुड़ चुकी हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए हमलोग हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पुरुष हो या महिला, सबको समान रूप से आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। महिलाओं को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के जो भी जरूरी होगा, वह किया जाएगा ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। आप सभी इन कामों को भूलिएगा मत। महिलाओं के उत्थान के लिए जो काम हमलोगों ने किया है उसे याद रखियेगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मोतिहारी के बरियारपुर–कचहरी चौक पथ में एल0सी0–159 पर 29.242 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित ऊपरी पुल (आर0ओ0बी0)–सह पथ के संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आर0ओ0बी0 बन जाने से मोतिहारी शहर में लगने वाली जाम की समस्या दूर होगी। लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम मजुराहा में धनौती नदी पर पुल निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने निर्मित होने वाले पुल के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पुल के निर्माण का काम यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। इसके बन जाने से सम्पर्कता बढ़ेगी और आसपास के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा पुष्प–गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, गन्ना उद्योग मंत्री श्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक श्री प्रमोद कुमार, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, पूर्व विधायक श्री श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद श्री सतीश कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सह मोतिहारी के प्रभारी जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, पुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया प्रक्षेत्र श्री जयंत कांत, पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******